INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 20	Topic : Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए –

कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही थी।रेडियो और टी.वी. पर बार-बार बताया जा रहा था कि पास की नदी का जल स्तर बढ़ गया है । नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है ।किसी भी वक्त हमारे गाँव में बाढ़ आ सकती है ।सभी बहुत परेशान थे।आखिर वही हुआ जिसका डर था ।अचानक पता चला कि गाँव में बाढ़ आ गई है। देखते- देखते गाँव में हाहाकार मच गया। बचाओ- बचाओ की आवाज़ें आ रही थीं।फसल ,पशु, मकान, परिवार सब कुछ बाढ़ के पानी के साथ बहने लगा। गाँव में एक ऊँचा टीला था । हमारा परिवार और कुछ अन्य परिवार भी किसी तरह वहाँ पहुँच गए ।चारों ओर असमंजस की स्थिति थी।खाने-पीने को कुछ नहीं, और मन में चिंता ,चारों ओर बस जल ही जल भर गया था।अगले दिन सुबह बारिश रुकी। हेलीकॉप्टर से कुछ सैनिक जगह-जगह सहायता सामग्री बाँटने लगे । हमारा सारा सामान बह गया था ।भगवान का शुक्र था कि हमारा परिवार ठीक था।माता जी तथा पिता जी हिम्मत से काम ले रहे थे।दो दिनों के बाद हम बच्चों को साथ ले वापिस अपने टूटे-फूटे मकान की ओर लौटे ।घर का नज़ारा देखा तो रोना ही आ गया। सब कुछ खत्म- सा लग रहा था ।आज हम काफ़ी बेहतर हाल में हैं लेकिन बाढ़ का वह दृश्य आज भी नहीं भूलता।

प्रश्न -1 रेडियो और टी वी पर बार-बार क्या बताया जा रहा था?

⁎ पास की नदी का जलस्तर बढ़ गया है ⁎ पास के तालाब का जलस्तर बढ़ गया है

⁎ पास की झील का जलस्तर बढ़ गया है ⁎ पास के कुएँ का जलस्तर बढ़ गया है

प्रश्न -2 नदी किस से ऊपर बह रही थी ?

⁎ खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी ⁎ पुल से ऊपर बह रही थी

⁎ सड़क से ऊपर बह रही थी ⁎ पहाड़ी से ऊपर बह रही थी

प्रश्न -3 बाढ़ कहाँ आ सकती थी ?

⁎शहर में ⁎ गाँव में ⁎ देश में ⁎ जंगल में

प्रश्न -4 बाढ़ के पानी के साथ क्या-क्या बहने लगा था?

⁎ फसल ,पशु , मकान , परिवार ⁎ पहाड़ , नदी , झरने , तालाब

⁎ शेर , हाथी , चीता , बंदर ⁎ गाँव , शहर , देश , विदेश

प्रश्न -5 हमारा परिवार और कुछ अन्य परिवार कहाँ पहुँच गए थे?

* ऊँचे घर पर
* ऊँचे टीले पर
* ऊँचे पेड़ पर
* ऊँचे खंबे पर

प्रश्न -7 चारों ओर क्या भर गया था ?

* जल ही जल भर गया था
* रेत ही रेत भर गई थी
* फूल ही फूल भर गए थे
* नमक ही नमक भर गया था

प्रश्न -8 हेलीकॉप्टर से जगह-जगह सहायता सामग्री कौन बाँट रहे थे ?

* कुछ नेता बाँट रहे थे
* कुछ योद्धा बाँट रहे थे
* कुछ सैनिक बाँट रहे थे
* कुछ वीर बाँट रहे थे

प्रश्न -9 हिम्मत से काम कौन ले रहे थे?

* माता जी तथा पिता जी
*चाचा जी तथा चाची जी
* मामा जी तथा मामी जी
*दादा जी तथा दादी जी

प्रश्न -10 हम कितने दिनों के बाद अपने टूटे-फूटे मकान की ओर लौटे थे?

* दो दिनों के बाद
* तीन दिनों के बाद
* चार दिनों के बाद
* पाँच दिनों के बाद

****